<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 03.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में जन विश्वास विधेयक 2026 के पारित होने को जीवन यापन और व्यापार में सुगमता के लिए महत्वपूर्ण बताया।
2. केंद्र सरकार ने राज्यों को एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का दिया निर्देश।
3. दुमका लोकसभा क्षेत्र के सांसद नलिन सोरेन को भारत–फिलीपींस संसदीय मैत्री समूह का बनाया गया सदस्य।
4. रामगढ़ जिले में हाथियों के हमले में आज तीन लोगों की हुई मौत, वन विभाग ने परिजनों को 25 हजार रुपये की तत्काल सहायता राशि दी।
5. इंडियन प्रीमियर लीग– आई.पी.एल. क्रिकेट में आज चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जन विश्वास विधेयक 2026 के पारित होने से देश में जीवन यापन और व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विधेयक विश्वास पर आधारित ढांचे को मज़बूत करता है। संसद ने जन विश्वास विधेयक 2026 को पारित कर दिया है। राज्यसभा ने इसे कल मंजूरी दी थी। लोकसभा ने इस विधेयक को बुधवार को ही पारित कर दिया था।

******************

सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने इस संबंध में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है। सचिव ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में अफवाहें और गलत सूचनाएँ फैलती जा रही हैं, जिससे लोग अनावश्यक चिंता और घबराहट में खरीदारी कर रहे हैं। डॉ. मित्तल ने कहा कि वर्तमान में केवल 17 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ही नियमित या समय–समय पर प्रेस ब्रीफिंग कर रहे हैं। उन्हें सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से सटीक जानकारी का समय पर प्रसार सुनिश्चित करने और नियमित जनसंचार बढ़ाने को कहा गया है।

******************

पश्चिम एशिया में जारी संकट को देखते हुए सरकार ने महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर 30 जून तक सीमा शुल्क में पूरी छूट देने का निर्णय लिया है। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर एक अंतरमंत्रालयी ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कच्चे तेल की उपलब्धता सामान्य है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुड फ्राइडे के अवसर पर यीशु मसीह के बलिदान का स्मरण करते हुए कहा कि यह दिन लोगों को करुणा, क्षमा और सेवा के आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने इन मूल्यों को जीवन में अपनाने और समाज में शांति तथा भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया।

******************

असम विधानसभा चुनाव प्रचार के क्रम में आज डिबरूगढ़ में शिल्पी नेहा तिर्की ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह पिछले एक सप्ताह से लगातार इस क्षेत्र का भ्रमण कर रही है। उन्होंने कहा कि यहां की जनता सब देख रही है और समझ रही है। आदिवासी समाज अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुका है।

******************

नागपुर में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2026 में झारखंड पुलिस के दो पदाधिकारियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते हैं। सब इंस्पेक्टर अनुपम प्रकाश और सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने ऑफिसर्स फोटोग्राफी और लिफ्टिंग, पैकिंग एंड फॉरवर्डिंग प्रतियोगिता में यह उपलब्धि हासिल की। इस प्रतियोगिता में 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 1300 पुलिसकर्मी भाग ले रहे हैं।

******************

दुमका लोकसभा क्षेत्र के सांसद नलिन सोरेन को भारत–फिलीपींस संसदीय मैत्री समूह का सदस्य बनाया गया है। इसे संथाल परगना क्षेत्र के लिए गौरव की बात माना जा रहा है।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद सोरेन ने इसे गर्व के साथ बड़ी जिम्मेदारी बताया और कहा कि वे इस दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

******************

झारखंड के रामगढ़ जिले में हाथियों के हमले में आज सुबह तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। वन विभाग ने परिजनों को 25 हजार रुपये की तत्काल सहायता राशि दी। बंदा के मुखिया कुलदीप साव ने बताया कि इस क्षेत्र में अचानक हाथी आया और घटना हुई।

साउंड बाईट – कुलदीप साव, रामगढ़ ऑन हाथी – 18 सेकेंड

******************

जमशेदपुर में स्वर्णरेखा नदी में बड़ी संख्या में मछलियों के मरने का मामला सामने आया है। जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने भुइयाडीह पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि बीओडी और सीओडी के उच्च स्तर के कारण नदी में ऑक्सीजन की कमी हुई, जिससे मछलियों की मौत हो रही है। इसकी जांच होनी चाहिए।

******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 39 हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 45 हजार रूपये प्रति किलो है।

******************

पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शहर थाना क्षेत्र स्थित बस स्टैंड के पालिका बाजार में कल रात एक जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है और पुलिस  मामले की जांच में जुटी है।

******************

दुमका में संताल परगना प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में हुई केंदू पत्ती सलाहकार समिति की बैठक में वर्ष 2026 के लिए संग्रहण दर बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। समिति ने मौजूदा दर 1883 रुपये प्रति मानक बोरा को बढ़ाकर 2014 रुपये प्रति बोरा निर्धारित किया है। यह दर सरकारी और रैयती दोनों प्रकार की भूमि पर लागू होगी।

******************

झारखंड में मौसम में परिवर्तन का दौर फिलहाल जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, आज राज्य में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं मौसम विभाग ने आज से आठ अप्रैल तक बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। कल पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, लोहरदगा, कोडरमा और धनबाद में कहीं–कहीं पर गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। कुछ जगहों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के साथ हवा भी चल सकती है और वज्रपात होने की भी संभावना है।

******************

इंडियन प्रीमियर लीग– आई.पी.एल. क्रिकेट में आज चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। मैच चेन्नई के एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। सनराइजर्स हैदराबाद ने कल रात कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रन से हरा दिया। 227 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, कोलकाता नाइट राइडर्स 16 ओवर में 161 रन पर सिमट गई।

******समाप्त*******